

राज्यपाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सौजन्य भेंट

नप्र, भोपाल : राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को लोकभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल का डॉ यादव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। उन्होंने राज्यपाल को दीपावली की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

मुरैना के ग्राम करुआ में शुरू हुई मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना

ग्रामीणों को मिलेगा संपत्ति का मालिकाना हक

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धनतेरस के अवसर पर मुरैना जिले के ग्राम करुआ में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के तहत स्वामित्व दस्तावेजों के पंजीयन अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अब किसानों और ग्रामवासियों को उनकी संपत्ति का पूरा अधिकार दिया जा रहा है।

राज्य सरकार ने प्रदेशभर में 50 लाख नि:शुल्क रजिस्ट्री कराने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से संवाद कर उन्हें रजिस्ट्री दस्तावेजों के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पक्की रजिस्ट्री होने से ग्रामीण अपनी संपत्ति के आधार पर बैंक से ऋण भी प्राप्त कर सकेंगे। इससे बच्चों की शिक्षा और भविष्य में व्यवसाय शुरू करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी दीपावली पर ग्रामीणों को यह सौगात दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ग्राम करुआ के प्राथमिक स्कूल को उन्नयन कर माध्यमिक स्कूल बनाने की घोषणा भी की। उन्होंने योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारियों और तहसीलदारों को सम्मानित किया। 200 से अधिक रजिस्ट्रियां कराने वाले पटवारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण वर्ष के तहत किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती के साथ पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को भी प्रोत्साहित कर रही है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, राजस्व विभाग के कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

होमगार्ड के 2,790 सैनिकों को दीपावली पर मिला गृह जिले में पदस्थापना का उपहार

नप्र, भोपाल : मध्य प्रदेश शासन ने होमगार्ड सैनिकों को दीपावली का उपहार देते हुए 2,790 सैनिकों को उनके प्रथम नामांकित जिले में पदस्थापना के लिए एक बार की विशेष छूट प्रदान की है। इसका लाभ सिंहस्थ-2016 भर्ती के बाद वर्ष 2018 की विशेष भर्ती से नामांकित सैनिकों को मिलेगा।

डीजी होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम नामांकित जिले में पद रिक्त नहीं होने के कारण इन सैनिकों को अन्य जिलों में पदस्थ किया गया था। अब पात्र सैनिक निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन कर अपने प्रथम नामांकित जिले में पदस्थापना का अनुरोध कर सकेंगे। पदों की उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार पदस्थापना की जाएगी।

इस निर्णय से लंबे समय से परिवार से दूर रह रहे सैनिकों को गृह जिले में सेवा का अवसर मिलेगा। होमगार्ड संगठन और सैनिकों ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

डीजीपी ने नवनियुक्त बालाघाट एसपी मलय जैन को दी शुभकामनाएं

सुनें सबकी, करें वही जो सही हो

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने नवनियुक्त बालाघाट पुलिस अधीक्षक मलय जैन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। पुलिस मुख्यालय में आयोजित विदाई एवं सम्मान समारोह में डीजीपी ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

डीजीपी ने कहा कि मलय जैन ने स्टाफ ऑफिसर के रूप में ईमानदारी, कर्मठता और बेहतर कार्यशैली का परिचय दिया है। उन्होंने जनसुनवाई के आवेदनों की निगरानी और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को तत्काल पुरस्कृत करने की व्यवस्था प्रभावी ढंग से संचालित की। श्री मकवाणा ने बालाघाट की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पुलिस बल के प्रयासों से जिले में नक्सली समस्या समाप्त हुई है। अब पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सतर्कता बनाए रखने और पुलिसकर्मियों



का मनोबल बढ़ाने की है। उन्होंने मलय जैन को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सभी की बात धैर्यपूर्वक सुनें और तथ्यों व नियमों के आधार पर निष्पक्ष निर्णय लें। किसी अनुचित दबाव में आए बिना सही निर्णय करना अच्छे पुलिस अधिकारी की पहचान है।

झारखंड सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने झारखंड के खूंटी जिले में हुए भीषण सड़क हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं जताते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिवारों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। हादसे में सात लोगों की मृत्यु हुई, जबकि कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

डॉ. निशांत खरे बने भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय प्रभारी

नप्र, भोपाल : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे को प्रदेश कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया है। इस संबंध में शुक्रवार को नियुक्ति आदेश जारी किया गया। अब डॉ. खरे प्रदेश भाजपा कार्यालय के संगठनात्मक कामकाज की जिम्मेदारी संभालेंगे।



श्री खंडेलवाल 2 जुलाई 2025 को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। इसके बाद उन्होंने 23 अक्टूबर को प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की थी। इसमें डॉ. निशांत खरे को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया था। कार्यकारिणी गठन के करीब एक वर्ष बाद उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री खंडेलवाल की प्रदेश कार्यकारिणी में नौ उपाध्यक्ष, चार महामंत्री और नौ प्रदेश मंत्री नियुक्त किए गए थे। लता वानखेड़े, सुमेर सिंह सोलंकी, राहुल कोठारी और गौरव रणदिवे को प्रदेश महामंत्री बनाया गया था। वहीं, श्याम महाजन को प्रदेश कार्यालय मंत्री और अखिलेश जैन को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। इससे पहले पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के कार्यकाल में भगवानदास सबनानी प्रदेश कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अब यह दायित्व डॉ. निशांत खरे को सौंपा गया है।

मुख्य सचिव ने सीहोर के औद्योगिक क्षेत्रों का किया निरीक्षण



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने शुक्रवार को जिले के औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी और आष्टा तहसील के झिलेला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक विकास, निवेश, रोजगार के अवसरों और संचालित औद्योगिक इकाइयों की गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं और उद्योगों के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में भी चर्चा की।

मुख्य सचिव ने औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड का भ्रमण कर ट्रांसफार्मर निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में औद्योगिक केंद्रों के विकास, निवेश, रोजगार और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध संचालक चंद्रमौली शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, कार्यकारी संचालक विशाल सिंह चौहान सहित उद्योगपति और अधिकारी उपस्थित रहे।

मप्र विधानसभा का द्वादश सत्र 7 दिसंबर से

नप्र, भोपाल : मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का द्वादश सत्र 7 दिसंबर से 11 दिसंबर 2026 तक आयोजित होगा। राज्यपाल के आदेश के अनुपालन में विधानसभा सचिवालय ने सत्र आहूत करने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। पांच दिवसीय सत्र में महत्वपूर्ण शासकीय और अशासकीय कार्य संपादित किए जाएंगे। अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 11 नवंबर और अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 26 नवंबर तक जमा की जा सकेंगी। स्थगन, ध्यानाकर्षण और नियम 267-क के तहत सूचनाएं 1 दिसंबर से कार्यालयीन समय में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्राप्त की जाएंगी।

मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने की सुख-समृद्धि की कामना

भाजपा प्रदेश कार्यालय में धनतेरस पूजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः धनतेरस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया।

इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के सुख, स्वास्थ्य, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में निरोगी काया को पहला सुख माना गया है। स्वस्थ शरीर मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। धनतेरस अ ौर भगवान



धन्वंतरि जयंती प्रकृति, आयुर्वेद और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़ने का संदेश देती है। उन्होंने कामना की कि भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की कृपा सभी प्रदेशवासियों पर बनी रहे तथा मध्य प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़े। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने कहा कि देश और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयां छुएं। प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आए।

डॉ. यादव ने विधायक नरेंद्र सिंह के पुत्र को दी श्रद्धांजलि

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को भिंड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के निवास पहुंचे और उनके पुत्र स्वर्गीय पुष्पेंद्र सिंह कुशवाह के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत पुष्पेंद्र सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि पुष्पेंद्र सिंह कुशवाह का गंभीर बीमारी के कारण 20 अक्टूबर को असामयिक निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और इस कठिन समय में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

फिर दिखा बाघ, पुलिस की डायल-112 टीम ने बनाया वीडियो




- अमरनाथ रोड से जागरण लेक सिटी जाने वाले रास्ते पर हुआ मूवमेंट
- वन विभाग ने लोगों को किया सतर्क

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के कोलार इलाके में एक बार फिर बाघ की मौजूदगी सामने आई है। गुरुवार रात अमरनाथ रोड से जागरण लेक सिटी जाने वाले रास्ते पर बाघ दिखाई दिया। कोलार थाना पुलिस की डायल-112 टीम ने इसका वीडियो बनाया। 16 सेकंड के वीडियो में बाघ सड़क किनारे लगी जाली के दूसरी ओर बैठा नजर आ रहा है। इस क्षेत्र में पहले से बाघों की मौजूदगी है। वन विभाग ने रास्ते से गुजरने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बाघ मित्र राशिद नूर के अनुसार, कलियासोत डैम, चंदनपुरा और केरवा सहित आसपास के जंगलों में कई बाघ विचरण करते हैं। भोपाल के आसपास करीब 25 किलोमीटर के दायरे में बाघों की आवाजाही बनी रहती है। कोलार और बैरसिया क्षेत्र में भी बाघों का मूवमेंट देखा गया है। कलियासोत, केरवा, समरधा, अमोनी और भानपुर क्षेत्र में 13 रिहायशी बाघ मौजूद हैं। इनका जन्म भी इसी क्षेत्र में हुआ है। बाघिन टी-123 का कुनबा भी यहां सक्रिय है। फरवरी 2022 में चूना भट्टी चौराहे स्थित भोज विश्वविद्यालय परिसर में भी बाघ की मौजूदगी सामने आई थी। शहर के आसपास जंगलों में बाघों की लगातार आवाजाही के कारण वन्यजीवों और शहरी क्षेत्रों के बीच सतर्कता बनाए रखना जरूरी हो गया है।

इंदौर में पारा 12 डिग्री पर पचमढ़ी की तरह ठंडा भोपाल

सिहरन भरी रात में मनेगी दीपावली



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः चक्रवाती तूफान मुरासु समाप्त हो चुका है। साथ ही वर्तमान में कोई प्रभावी मौसम प्रणाली भी सक्रिय नहीं है। हवाओं का रुख भी उत्तरी एवं उत्तर-पूर्वी बना हुआ है।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक उत्तर भारत की तरफ से आ रही शीतल हवाओं के कारण प्रदेश के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज होने लगी है। इसी क्रम में शुक्रवार को रात का सबसे कम 12 डिग्री सेल्सियस तापमान इंदौर में रिकार्ड किया गया। भोपाल एवं पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस रहा। हवाओं का रुख देखते हुए दीपावली पर रात में सिहरन बनी रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान शुक्रवार सुबह तक पूरे प्रदेश में मौसम पूरी तरह शुष्क रहा। ग्वालियर एवं चंबल संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहा। शेष संभाग के जिलों में रात का तापमान समान्य या सामान्य से कम दर्ज हुआ। चक्रवाती तूफान मुरासु का अवशेष भी समाप्त हो गया है।

वर्तमान में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ उत्तराखंड और उसके आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि किसी प्रभावी मौसम प्रणाली के सक्रिय नहीं रहने से मौसम शुष्क बना हुआ है। आसमान साफ रहने और उत्तर भारत की तरफ से आने वाली ठंडी हवाओं ने प्रदेश में सिहरन बढ़ा दी है। इससे न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज होने लगी है। इस तरह की स्थिति तीन-चार दिन तक बनी रह सकती है। हालांकि 10 अक्टूबर को तीव्र आवृति वाले एक नए पश्चिमी विक्षोभ के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में सक्रिय होने की संभावना है। उसके असर से हवाओं का रुख बदलने से रात के तापमान में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है। दीपावली पर रात में सिहरन बनी रहने की संभावना है।

निवाड़ी की जेरोन खालसा नगर परिषद अध्यक्ष पद से हटाई गईं कुसुम पस्तौर

- वापस बुलाने के लिए हुए मतदान में 2633 मत पद रिक्ति के पक्ष में पड़े


नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः निवाड़ी जिले की नगर परिषद जेरोन खालसा की अध्यक्ष कुसुम मातादीन पस्तौर को पद से मुक्त कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने वापस बुलाने के संबंध में हुए मतदान का परिणाम घोषित कर दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दिनेश श्रीवास्तव के अनुसार, 4 नवंबर 2026 को हुए मतदान में कुल 4800 मत पड़े। इनमें 2167 मत अध्यक्ष के पद पर बने रहने के पक्ष में, जबकि 2633 मत पद रिक्त करने के समर्थन में मिले। कुछ मत अवैध भी पाए गए। मतदान करने वाले कुल मतदाताओं में आधे से अधिक ने अध्यक्ष को पद से हटाने के पक्ष में मतदान किया। इसके परिणामस्वरूप कुसुम मातादीन पस्तौर को अध्यक्ष पद से मुक्त माना गया है और नगर परिषद अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया है।

गौरव *उज्जैन की गिर गाय राधा ने बनाया रिकॉर्ड...*

प्रतिदिन 19.760 लीटर दूध देकर प्रदेश में रही अव्वल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः उज्जैन जिले के वृंदावन ग्राम तालोद निवासी पशुपालक गौरव रघुवंशी की गिर नस्ल की गाय राधा ने प्रतिदिन औसतन 19.760 लीटर दूध उत्पादन कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। अब 9 नवंबर को गोवर्धन पर्व के अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उन्हें सम्मानित करेंगे।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालकों को प्रोत्साहित करने और देशी नस्ल की गायों के



पालन को बढ़ावा देने के लिए गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के तहत 27 से 31 अक्टूबर तक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

प्रतियोगिता में राधा ने सर्वाधिक दूध उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया। दूसरे स्थान पर रतलाम जिले के सुखेड़ा निवासी मुकेश कुमार परमार की गाय रही, जिसने प्रतिदिन 17.230 लीटर दूध दिया। तीसरे स्थान पर उमरिया जिले के डोडका निवासी संध्या पांडेय की गिर गाय रही, जिसने 17.166 लीटर दूध उत्पादन किया। रायसेन के ज्ञानेश्वर पटेल की गाय 16.350 लीटर और राजगढ़ के सुमेर सिंह पंवार की गाय 16.144 लीटर दूध उत्पादन के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं।

विभाग ने प्रदेश के 208 वृंदावन ग्रामों में यह प्रतियोगिता आयोजित की थी। योजना के तहत पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले पशुपालकों को क्रमशः एक लाख, 50 हजार और 25 हजार रुपये तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। 9 नवंबर को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 10 पशुपालकों को सांकेतिक रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 43/आर-3 स्नेह नगर रोड, गोपालगंज सागर (म.प्र.) - 470001 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन -1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक : डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक : अपूर्व तिवारी। *
भोपाल कार्यालय फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. MPHIN/2015/61503, www.naiduniaonline.com